भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

27.11.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1502 का उत्तर

केशोड में अधोगामी पुल

1502. श्री रमेशभाई एल. धडुक:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) **आज की तिथि तक केशोड, गुजरात में रेलवे के 137/14 और 137/15 कि.मी. के बीच अधोगामी पुल के निर्माण के लिए क्या कदम उठाए गए हैं क्योंकि आम आदमी को दैनिक आधार पर गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है;**

(ख) **पोरबंदर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नवगढ़-जैतलसर रेल लाइन के समपार संख्या-61 के समीप वाहनों जैसे कि कार और मोटर साइकिल का विपथन सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और**

(ग) **सरदार चौक जूनागढ़ रोड से एन.एच. तत्काल चौकडी पर विशाल वाटिका के समीप रेलवे उपरिपुल के निर्माण के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?**

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क): समपारों के स्थान पर ऊपरी सड़क पुल (आरओबी)/निचले सड़क पुल (आरयूबी) मुहैया कराए जा रहे हैं। केशोड में किमी 137/14 तथा 137/15 पर कोई समपार नहीं है। इसके अलावा, राज्य सरकार से निक्षेप शर्तों पर निचले पुल के निर्माण के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ख): समपार सं. 61 के स्थान पर ऊपरी सड़क पुल (आरओबी) स्वीकृत किए गए हैं। डायवर्जन कार्य के पूरा होने के बाद आरओबी का कार्य शुरू किया जाएगा, जोकि प्रगति पर है।

(ग): इस स्थान पर कोई समपार नहीं है। इसके अलावा, राज्य सरकार से निक्षेप शर्तों पर ऊपरी पुल के निर्माण के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

****